सीवरेज के गंदे पानी, बिजली कटौती से लोग परेशान : यशपाल

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर की जनता की आम समस्याओं को लेकर आज बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक धरना जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने दिया गया

जिला संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि एक दिवसीय धरने को वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए बीकानेर की समस्याओं का निदान ना होने की स्थिति जिला कांग्रेस के हर कदम पर साथ निभाने की बात कही। धरने के बाद जिला कांग्रेस के

■ **कांग्रेसजनों ने मुख्य नौ मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा, सांकेतिक धरना दिया**

शिष्टमंडल ने अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को नौ सूत्री ज्ञापन दिया और ज्ञापन पर एक हफ्ते में कार्यवाही करने की बात कही

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि पिछले पांच छह महीनों से बीकानेर के हालात बद से बदतर हो गए हर गली, हर मोहल्ले में सीवरेज के कारण गंदे पानी का तालाब नदी, सड़ांध मारता कचरा और ऊपर से बिना बताए निजी कंपनी द्वारा घंटों की बिजली कटौती इन सब बातों ने बीकानेर की जनता के नाक में दम कर रखा है। पहले भी जिला प्रशासन को इन समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया। लेकिन हालात जस के तस है। आज का ये धरना प्रशासन को चेतावनी है कि अगर एक हफ्ते के अंदर इन समस्याओं के निदान पर कार्य नहीं किया तो आने वाले समय में सड़कों पर आंदोलन किया जायेगा।

प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि बीकानेर का आमजन जिला प्रशासन के ढुलमुल रवैये से बहुत ही परेशान हो रहा है। पीबीएम अस्पताल के हालात भी बड़े खराब है। प्रशासन को इस पर तुरंत कार्य करना चाहिए। प्रवक्ता विकास तंवर ने बताया कि धरने को धरने को वरिष्ठ कांग्रेसी अब्दुल मजीद खोखर, माशूक अहमद, सलीम भाटी, परमानंद गहलोत, जनाब मौलाबख्श, ब्रिजाराम भील, मोशरीफ समेजा, हेमंत किराड़ू, पूर्व पार्षद शिवरी चौधरी, नित्यानंद पारीक, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर शहजाद भुट्टा, जाकिर नागौरी, आनंद सिंह सोढा, उपाध्यक्ष मकसूद अहमद अरविंद मिढ़ा, दिलीप बाठिया, टिंकू भाटी, ललित तेजस्वी, महिला जिलाध्यक्ष शशिकला राठौड़, देहात महिला अध्यक्ष शांति बेनीवाल, उमा सुथार, यूथ अध्यक्ष भंवर कूकना, राज भटनागर, आशा देवी स्वामी, वंदना गुप्ता, मुमताज शेख, देहात संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल, महासचिव प्रेम जोशी, विक्की चड्ढा, फिरोज अहमद भाटी, आनंद जोशी शिवकुमार गहलोत, मनोज किराड़ू, राहुल जादूसंगत, तोलाराम सियाग, करणीसिंह राजपुरोहित, पार्षद शिवशंकर बिस्सा, पार्षद यूनिस अली, पार्षद ताहिर हसन कादरी, पार्षद जुलेखा बानो, मंडल अध्यक्ष मुबारिक हुसैन, अशोक सेन, हंसराज विश्नोई, बलराम नायक, प्रदीप जाड़ीवाल, जाकिर हुसैन, इस्माइल खिलजी, अविनाश राठौड़, शंकर सिंह कुशवाहा, मुकेश जोशी, सचिव रामनाथ आचार्य, मनोज चौधरी आदि मौजूद थे।

बीकानेर में जनसमस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर शहर कांग्रेस के धरने को शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने संबोधित किया।

दूषित लीकेज से मकानों को नुकसान

श्रीगंगानगर, (कासं)। बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में पेयजल लाइन लीकेज और दूषित पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं मिल रहा।

सेतिया कॉलोनी, विनोबा बस्ती, इंदिरा कॉलोनी और गुरूनानक बस्ती एरिया भी शामिल है। सेतिया कॉलोनी तथा विनोबा बस्ती की गलियों में रहने वाले लोगों को लम्बे समय से गंदे और मटमैले पानी की सप्लाई जलदाय विभाग की तरफ से मिल रही है।

वहीं सेतिया कॉलोनी, गुरूनानक बस्ती व इंदिरा कॉलोनी में पाइपलाइन लीकेज से मकानों को नुकसान की शिकायतें भी विभाग को मिली हैं। हालांकि विभाग की टीम मौके पर जाकर पाइपालाइनों की जांच भी कर रही है। लेकिन समस्या की जड़ पकड़ में नहीं आ रही। विनोबा बस्ती में मकान नं. 285 से लेकर 335 तक में इन दिनों मटमैले पानी की सप्लाई हो रही है। इसे लेकर शिकायत के बाद विभाग की टीमें इस परेशानी का कारण तलाशने में जुटी हैं।

समाधान के लिए कुछ पुराने कनेक्शन भी काटे गए हैं। वहीं एलएंडटी से भी अपनी पेयजलाइनों की जांच के लिए कहा है। सेतिया कॉलोनी में राजीव गांधी मार्ग पर गली नं. 9 में पेयजल लाइन लीकेज से मकानों को नुकसान हो रहा है। कई दिन से इस परेशानी को झेल रहे उपभोक्ता दिनेश धुन्ना ने जलदाय विभाग में शिकायत भी दर्ज करवाई है। दिनेश के अनुसार पेयजल लाइन लीकेज से पानी पास वाले भूखंड में भर चुका है।

वहीं लीकेज से पानी उनके मकान की नींव में भी जा रहा है, जिससे मकान को नुकसान होने लगा है।

पशु चिकित्सकों को प्रशिक्षण

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के सर्जरी एवं रेडियोलॉजी विभाग द्वारा उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा व प्रतापगढ़ जिलों के टी.एस.पी. क्षेत्र के 20 पशु चिकित्सकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर प्रो. हेमन्त दाधीच ने कहा कि यह प्रशिक्षण टी.एस.पी. क्षेत्रों में कार्यरत पशु चिकित्सकों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। क्योंकि इस प्रशिक्षण के माध्यम से सर्जरी की विभिन्न तकनीकों को सीखने का मौका मिलेगा जो की फील्ड की परिस्थितियों में बहुत उपयोगी है।

निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने फील्ड पशु चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न शल्य चिकित्सा एवं एनेस्थीसिया की बारिकीयों को जानने एवं सीखने का मौका मिलेगा जो कि कौशल विकास में सहायक होगी। केन्द्र के मुख्य अन्वेषक प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि यह प्रशिक्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) के अधीन नेटवर्क प्रोजेक्ट ए.आई.एन.पी.एण्ड डी.आई.एम.एस.सी.ए. के अंतर्गत आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पशुचिकित्सकों को घाव, नाभि हर्निया, पूछ विच्छेदन, सींग विच्छेदन, कान एवं नेत्र शल्य चिकित्सा के साथ-साथ पशुओं में एनेस्थीसिया की मात्रा, प्रभाव एवं सावधानियां विषय पर व्याख्यान एवं प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

सार-समाचार

निःशुल्क स्वास्थ शिविर लगाया

एमजीएसयू में निःशुल्क स्वास्थ शिविर में विद्यार्थियों की जांच करते चिकित्सक।

बीकानेर, (कासं)। अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग की तरफ से महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में स्टाफ व विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि इसके तहत डॉ. बी लाल क्लीनिकल लेबोरेट्री, बीकानेर के सहयोग से अलग अलग विभाग के विद्यार्थियों के बल्ड प्रेशर, शुगर और वज़न आदि निःशुल्क चेक किए गए। कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि आजकल मोबाइल और टेक्नोलॉजी के अधिकाधिक प्रयोग के कारण व्यक्ति की शारीरिक गतिविधियां कम होती जा रही हैं जिसका उनके स्वास्थ पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में समय समय पर नियमित हेल्थ चैक अप करवाते रहना बेहतर स्वास्थ के दृष्टिकोण से सर्वथा कारगर सिद्ध हो सकता है। चैक अप में टीम लीडर के रूप में ज़ोनल मैनेजर मोहित खडगावत व टेक्नीशियंस भूपेंद्र सिंह शेखावत, अब्दुर रहमान और इरफान पठान शामिल थे। जिनका डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. मेघना शर्मा द्वारा ऊपरिया पहनाकर सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि शिविर में लगभग 95 विद्यार्थियों व स्टाफ ने अपना चैक अप करवाया।

हॉकी की गोलकीपर किट भेंट

रा.उ.मा.वि. बरसिंहसर में विद्यार्थियों को शिव शक्ति इंटरप्राइजेज ने हॉकी गोलकीपर किट भेंट की।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरसिंहसर में विद्यार्थियों को हॉकी खेल में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चोरूलाल गोदारा, शिव शक्ति इंटरप्राइजेज द्वारा हॉकी की गोलकीपर किट विद्यालय को भेंट की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रतन लाल छलाणी सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। सभी ने चोरूलाल गोदारा, मदन लाल गोदारा के इस सहयोग का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह की पहल से ग्रामीण अंचल के बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। प्रधानाचार्य रतन लाल छलाणी ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी खेलों के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। अब उन्हें बेहतर उपकरण उपलब्ध होने से उनकी प्रतिभा को और निखार मिलेगा। व्याख्याता गोरधन लाल गोदारा भगवानाराम गोदारा ने कहा कि छात्रों में खेल के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है और इस प्रकार की सहयोगी भावना से निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक गोपाल राम गोदारा व छात्र-छात्राओं ने भी इस सहयोग पर खुशी जताते हुए कहा कि अब वे पूरी मेहनत के साथ हॉकी मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

मोटा अनाज बाजरा पर कार्यशाला

पौष्टिक अनाज 'बाजरा' पर एक दिवसीय कार्यशाला को संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। पोषक अनाजों के उत्पादन में वृद्धि, मूल्य संवर्धन, मूल्य सवंर्धित उत्पादों के घरेलू उपयोग में वृद्धि आदि के संबंध में जागरूकता लाने के उदेश्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना अंतर्गत वाणिज्यिक पौष्टिक अनाज बाजरा फसल का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आत्मा सभागार में आयोजन किया गया। संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी ने किसानों को कहा कि मिलेट्स उगाइये-आय बढाइये। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने किसानों को मोटे अनाजों मुख्यतः बाजरा की अपने खेतों में बुवाई कर क्षेत्रफल व उत्पादन बढाने हेतु प्रोत्साहित किया। राजस्थान के परिपेक्ष्य में खाद्य एवं पौषण सुरक्षा में मोटे अनाजों की भूमिका पर विस्तार से किसानों से परिचर्चा की। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के शस्य वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह गोदारा व डॉ भंवर देवीसिंह नाथावत ने बाजरा उत्पादन की उन्नत तकनीकों, कीट व पौध व्याधि नियंत्रण पर जानकारी दी। एआरओ अशोक कुमार साहू ने पौषक अनाजों के प्रसंस्करण एवं उनसे बनने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी दी। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कैलाश चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में 100 से अधिक किसानों के साथ विभागीय अधिकारियों के साथ- साथ प्रगतिशील मिलेट्स बाजरा से संबंधित स्वयं सहायता समूह प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यशाला में विभागीय अधिकारी ममता, महेन्द्र प्रताप, देवेन्द्र सिंह, राजेन्द्र पहाडिया, रविशंकर, श्रीराम विश्नोई इत्यादि उपस्थित थे।

जैन ओलम्पिक 29 अक्टूबर से

बीकानेर, (कासं)। जैन यूथ क्लब के तत्वावधान में 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक बीकानेर के रेलवे मैदान में जैन ओलम्पिक का आयोजन होगा। इसके बैनर व पोस्टर का लोकार्पण रविवार रात उदयरामसर दादाबाड़ी में श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा, गुरू युवा जागृति परिषद के श्रीपाल नाहटा, शांत क्रांत संघ के संजय सांड, धनराज कोठारी, संतोष मुसरफ व जैन यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने किया।

बीकानेर की सांसें छीन रहा है बी.डी.ए. : शिव गहलोत

बीकानेर, (कासं)। गोचर ओरण संरक्षक संघ राजस्थान से जुड़ी गोचर संरक्षण समितियों ने बीकानेर विकास प्राधिकरण को गोचर के अधिग्रहण पर आपत्तियां दर्ज करवाई।

इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव गहलोत ने कहा कि वर्तमान में बीकानेर महानगर के नगर विकास न्यास को क्रमोन्नत कर बीकानेर विकास प्राधिकरण बना दिया गया है। इस प्राधिकरण के लिए बीकानेर के आसपास 35 किलोमीटर के क्षेत्र के ग्रामों को इसमें लिया गया है। इस कारण से अब बीकानेर महानगर की परिधि बीकानेर के आसपास 35 किलोमीटर तक हो गई है। आमजन के अनुसार यह बीकानेर के विकास का मॉडल है और विकास के लिए यह होना भी चाहिए। इसमें हम सभी सहमत हैं। परंतु इस बीकानेर के विकास में, बीकानेर के स्वास्थ्य,

■ **गोचर संरक्षण समितियों ने बीकानेर विकास प्राधिकरण को गोचर के अधिग्रहण पर आपत्तियां दर्ज करवाई**

बीकानेर का पर्यावरण, बीकानेर का वातावरण, बीकानेर में पल रहे जीव जंतु, बीकानेर में संरक्षण पा रहे गोवंश और बीकानेर का ईको सिस्टम, बीकानेर की जैव विविधता, इन सबको भी यह विकास प्राधिकरण लील जायेगा। गहलोत ने कहा कि जिला कलेक्टर का अडियल रवैया गोचर संरक्षण के लिए हानिकारक है।

जिला कलेक्टर गोचर समितियां की आपत्ति सुनने के लिए तैयार नहीं है। यह सरासर सामाजिक न्याय के खिलाफ है। गोचर ओरण संरक्षण संघ के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मनोज सेवक ने बताया कि एक मास्टर प्लान बीकानेर विकास प्राधिकरण ने जारी किया है। इस मास्टर प्लान में बीकानेर क्षेत्र की समस्त गोचर ओरण को आवासीय, व्यापारिक, औद्योगिक क्षेत्र में बदला जायेगा।

इससे तो यह लगता है कि यह बीकानेर का विकास प्राधिकरण नहीं है, अपितु बीकानेर विनाश प्राधिकरण है, जो बीकानेर के लोगों की सांस छीनना चाहता है। बीकानेर का जैव विविधता का क्षेत्र छीनना चाहता है। इस प्राधिकरण ने बीकानेर के आसपास के ग्रामों को अपने क्षेत्र में सम्मिलित करके, उस क्षेत्र की भी गोचर, ओरण, जोहड़, पायतान आदि समस्त भूमियों पर एकाधिकार प्राप्त कर लिया है।

नागणेची मंदिर रोड पर 15 फीट का गड्ढा

बीकानेर, (कासं)। नागणेचेजी मंदिर के पास मानसून की बरसात के दौरान सड़क पर करीब 15 फीट का गड्ढा बन गया था। हैरानी की बात यह है कि एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद यह गड्ढा जस का तस पड़ा है। गड्ढे के कारण पशुओं और राहगीरों के गिरने की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों की लागत से बनी इस सड़क और पुलिया को भी नुकसान हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग चुप बैठे हैं। नगर निगम, यूआईटी और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने न तो मानसून से हुए नुकसान का आंकलन किया और न ही दुरूस्ती की पहल की निवासियों का आरोप है कि अधिकारी मौके पर तो आते हैं, लेकिन केवल औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं। शहर के अन्य इलाकों में भी बरसात से सड़कें टूटी हैं, लेकिन मरम्मत कार्य को लेकर गंभीरता नहीं दिख रही।

अस्पताल में लेबर पेन से तड़पती रहीं, बच्चों की मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती दो महिलाओं के बच्चों की रात को पेट में ही मौत हो गई। परिजनों ने सुबह अस्पताल में रोष प्रकट किया।

आरोप लगाया कि रात को प्रसूताएं लेबर पेन से तड़पती रहीं लेकिन डॉक्टर नहीं आए। सुबह डॉक्टर आए और ओटी में ले गए। फिर दोनों गर्भवतियों को नॉर्मल डिलीवरी का कहकर वापस वार्ड में भेज दिया। वार्ड में पहुंचते ही प्रसव हो गए लेकिन तब तक दोनों बच्चों की पेट में ही मृत्यु हो चुकी थी।

बच्चों को खो देने पर परिजनों का सब्र टूट गया। बिलखते परिजनों ने स्टाफ पर गंभीर लापरवाही बरतते हुए बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। सूचना पर कार्यवाहक पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह बराड़ वार्ड में पहुंचे। परिजनों से तीन घंटे तक समझाइश की। इसके बाद परिजनों ने

■ **30 घंटे नार्मल डिलीवरी का इंतजार करते रहे डॉक्टर, बच्चों की गर्भ में ही मौत**

बच्चों की मौत के जिम्मेदार का पता कर कार्रवाई करने की मांग का पत्र दिया। इसके बाद मृतक नवजात को परिजन अंतिम संस्कार के लिए ले गए। प्रसूताएं अब भी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। फतूही निवासी ऊषा पत्नी भूपेंद्र का को लेबर पेन शुरू होने पर सुबह जिला अस्पताल लाये थे। ऊषा को 5 सितंबर को सुबह लेबर पेन शुरू हो गया था। किसी डॉक्टर ने आकर चैक नहीं किया। प्रसूता तड़पती रही, रात को सिजेरियन डिलीवरी का कॉल ही नहीं लिया। इंतजार में रविवार सुबह हो गई। तब तक बच्चे की पेट में ही मौत हो गई।

ठेका कर्मियों को 6 माह से नहीं मिला वेतन

नोखा, (कासं)। जिले की नोखा नगर पालिका में ठेका कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने के विरोध में काम बंद कर दिया है। इस लेकर कर्मचारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया कि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिला है।

ज्ञापन में बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर और वाहन चालकों का 6 महीने का वेतन बकाया है। फायर वाहन चालक और फायरमैन को 8 महीने से वेतन नहीं मिला है। कुशल और अकुशल श्रमिकों की स्थिति सबसे खराब है। उन्हें पिछले 10 महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि नगर पालिका में पर्याप्त धनराशि होने के बावजूद उनका वेतन नहीं दिया जा

■ **नोखा पालिका में कंप्यूटर ऑपरेटर और वाहन चालकों का 6 महीने का वेतन बकाया होने पर काम बंद किया**

रहा है। उन्होंने कई बार अधिकारियों से मौखिक रूप से वेतन की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए उन्होंने सामूहिक रूप से काम बंद करने का निर्णय लिया है।

कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि काम बंद होने से राजकीय कार्य में जो भी बाधा आयेगी, उसकी जिम्मेदारी उनकी नहीं होगी।

तीन दिन बारिश का अलर्ट

बीकानेर, (कासं)। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन में अगले कुछ दिनों में बीकानेर में मौसम पूरी तरह शुष्क होने की उम्मीद जताई जा रही है।

मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जैसलमेर, बाड़मेर जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। आगामी एक सप्ताह बारिश की गतिविधियों में तेजी से कमी आयेगी। केवल छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। बीकानेर संभाग में 9 से 12 सितम्बर के बीच हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। सोमवार को जालौर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर आसपास के जिलों में तेज हवाओं के साथ कहीं-कही भारी होगी।

डेंगू बुखार जानलेवा नहीं परन्तु अनदेखा भी न करें : डॉ साध

बीकानेर, (कासं)। डेंगू बुखार के शहर में बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते आमजन को बुखार के लक्षण व बचाव जन जागरूकता पोस्टर का विमोचन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पुखराज साध के द्वारा किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी, प्रणाम सोनी, लक्ष्मण सहदेव, राजकुमार पांडिया, महावीर सहदेव द्वारा डेंगू बुखार के बढ़ते प्रकोप से सावधानी बरतने के लिए जन-जागरूकता पोस्टर अभियान शुरू किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा हर साल पोस्टर्स, डेंगू मच्छर के कट आउटों द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों, स्कूलों में आमजन को डेंगू , मलेरिया बुखार के लक्षण व

■ **आमजन को डेंगू बुखार के लक्षण व बचाव की जानकारी दी**

इलाज की जानकारी दी जा रही है। स्कूलों, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चस्पा कर लोगों को जागरूक किया जायेगा।

डेंगू मच्छर के काटने पर आने वाले बुखार एवं उसके लक्षण तथा मादा एडिज मच्छर की पहचान को चित्र सहित दर्शाया गया है ताकि आमजन बुखार आने पर सावधानी बरत सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि डेंगू मच्छर बरसात के मौसम की समाप्ति के बाद जुलाई से नवम्बर माह में अधिक पनपते हैं। नवम्बर माह मादा एडिज मच्छर का पीक टाइम होता है। डेंगू मच्छर के काटने पर अचानक तेज बुखार व सिरदर्द, ब्लड प्रेशर, प्लेटलेट्स का कम होना, मांसपेशियों जोड़ों में दर्द, जी मचलना, त्वचा में गुलाबी रंग के चकते, आंखों के पीछे दर्द तथा गंभीर मामलों में नाक मुंह मसूड़ों में खून आना जैसी जानकारी देते सावधानी बरतनी चाहिए।

तुरंत ऐसे लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सक की सलाह लें अनदेखी न करें। खून की जांच करवाएं, मच्छरों के प्रजनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए लार्वा को खत्म करना जरूरी है।

खेजड़ी प्रवर्धन एवं उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान (सीआईएएच), बीकानेर में आज से खेजड़ी कली प्रवर्धन एवं उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यह प्रशिक्षण राजस्थान ऑलिव कल्टीवेशन लिमिटेड (आरओसीएल) के फार्म प्रबंधकों एवं अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की नर्सरियों एवं फार्मों से आठ सरकारी अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार सारोलिया ने खेजड़ी के सांस्कृतिक, पारिस्थितिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने याद दिलाया कि किस प्रकार 1956 के अकाल के दौरान खेजड़ी ग्रामीण जीवन रेखा बनी थी और विकासात्मक दबावों जैसे सोलर प्लांट्स के कारण इसकी संख्या में आ

खेजड़ी प्रवर्धन एवं उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण को प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार सुरोलिया ने संबोधित किया।

रही कमी पर चिंता व्यक्त की। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पवन सिंह गुर्जर ने खेजड़ी को मरूस्थलीय क्षेत्रों का कल्पवृक्ष बताते हुए कहा कि आईसीएआर-सीआईएएच ने इसे बागवानी फसल के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने बताया कि 8 से 10 सितम्बर तक चलने वाला यह प्रशिक्षण दो तरफा

■ **खेजड़ी के रोपण के व्यवहारिक पहलुओं को समझाया**

सीखने की प्रक्रिया होगा। फसल उत्पादन प्रभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार सामदिया ने खेजड़ी के रोपण के व्यावहारिक पहलुओं को समझाया तथा इसके न्यूनतम निवेश वाले स्वरूप पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खेजड़ी को विशेष खाद, अधिक पानी या महंगे रसायन की आवश्यकता नहीं होती। बस उचित सुरक्षा से यह पनप सकती है। संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश राणे ने वैज्ञानिकों एवं किसानों के प्रयासों की सराहना की और खेजड़ी की व्यावसायिक किस्म 'थार शोभा' को बढ़ावा देने की पहल को महत्वपूर्ण बताया।

परमात्मा के दर्शन की अपूर्व महिमा

बीकानेर, (कासं)। रांगड़ी चौक में सुगनजी महाराज के उपासरे में चार्तुमासिक प्रवचन में सोमवार को गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने कहा कि परमात्मा के दर्शन की अपूर्व महिमा है।

दोहे, दर्शन देव देवस्य, दर्शन पाप नाशनम, दर्शन स्वर्ग सोपानम, दर्शनं मोक्ष साधनम' अर्थात परमात्मा का दंर्शन संसार रूपी अंधकार को नष्ट करता है और जन्मों के पापों को मिटाता है। परमात्मा का दर्शन सूर्य के समान संसार के अंधकार को दूर करता है और धर्म रूपी अमृत के समान लाभ पहुंचाता है।

उन्होंने कहा कि अपने अंतर में बसे परमेष्टि स्वरूप परमात्मा के अलावा किसी की शरण नहीं लें। परमात्मा की शरण और आत्म दर्शन से जन्म, जरा और मृत्यु का नाश होगा। धर्म, आत्म परमात्मा की शरण लेने से आनंद ही आनंद होता है। हमारे भीतर में एक पल भी शुद्ध भाव आये तो समझ लेना हमारा भव निस्तार होने वाला है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 08.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 32 के किला नं. 24-25 में भूखण्ड का माप 18'' गुणा 66'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री जसवीर सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी चक 9 के एल डी, 10 के एल डी (कुण्डला) बीकानेर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री जसवीर सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी चक 9 के एल डी, 10 के एल डी (कुण्डला) बीकानेर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 32 के किला नं. 24-25 में भूखण्ड का माप 18'' गुणा 66'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 17600662 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर